मूल्य 1 रु.
वर्ष: 11 - अंक : 221, मुंबई, गुरुवार, 21 अक्टूबर, 2021 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान
दैनिक
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

# मुंबई हलचल

अब हर सच होगा उजागर




# तेल के दाम में आग



विश्व के तीसरे सबसे ज्यादा ऊर्जा की खपत करने वाले देश भारत ने बुधवार को दुनिया को चेताया कि यदि तेल की कीमतें इसी तरह ऊँची बनी रही तो वैश्विक आर्थिक रिकवरी कम होने का खतरा है। इसके साथ ही भारत ने सऊदी अरब और अन्य तेल उत्पादक देशों (OPEC) से आग्रह किया कि वे कीमतें घटाने और आपूर्ति को भरोसेमंद बनाने की दिशा में कदम उठाएं। भारत में पेट्रोल व डीजल की कीमतें मई के बाद से लगातार बढ़ते हुए रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई हैं। (शेष पृष्ठ 3 पर)




## मुंबई में अरेस्ट हुआ गाजियाबाद का बिजनेसमैन ओवरहेड स्टोरेज से बैग निकाल रही एक्ट्रेस से की थी छेड़छाड़

**मुंबई।** दिल्ली से मुंबई की फ्लाइट में एक एक्ट्रेस से छेड़छाड़ के आरोप में सहार पुलिस की टीम ने गाजियाबाद के एक व्यापारी को अरेस्ट किया है। पुलिस को दी गई अपनी कंप्लेंट में 40 वर्षीय एक्ट्रेस ने आरोप लगाया है कि 3 अक्टूबर को वे दिल्ली से मुंबई की यात्रा कर रही थीं। उनका प्लेन जैसी ही छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल टर्मिनल पर लैंड हुआ, वे अपना बैग निकालने के लिए ओवरहेड स्टोरेज खोलने के लिए उठीं। इसी दौरान उन्हें लगा कि किसी ने उन्हें गलत तरीके से छुआ है। एक्ट्रेस ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की और केबिन क्रू के पास कंप्लेंट भी दर्ज करवाई। केबिन क्रू ने एक्ट्रेस से मेल पर कंप्लेंट देने के लिए कहा। इसके बाद एक्ट्रेस ने वसोर्वा पुलिस स्टेशन जाकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करवाने का प्रयास किया, जहां से उन्हें सहार एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन जाने के लिए कहा गया। (शेष पृष्ठ 3 पर)




## NDPS कोर्ट ने आर्यन अरबाज और मुनमुन को बेल नहीं दी हाईकोर्ट में भी अर्जी दाखिल नहीं हो पाई

*एक्ट्रेस संग आर्यन की ड्रग चैट जमानत में रोड़ा NCB के हाथ आर्यन की कुछ चैट भी लगी है, जिसमें एक उभरती हुई एक्ट्रेस संग ड्रग को लेकर आर्यन ने चर्चा की है। 14 अक्टूबर को सुनवाई के दौरान NCB ने इस चैट को सबूत के रूप में अदालत के सामने पेश किया था। यह भी कहा जा रहा है कि यह एक्ट्रेस क्रूज पर मौजूद थी और शुरू में NCB ने इसे जाने दिया था। आने वाले समय में इस एक्ट्रेस से भी NCB पूछताछ कर सकती है। एक्ट्रेस के साथ आर्यन की इस बातचीत को उनकी जमानत में बड़ी अड़चन माना जा रहा है।*

**मुंबई।** क्रूज ड्रग्स पार्टी केस में आरोपी आर्यन खान की जमानत अर्जी एक बार फिर खारिज हो गई है। बुधवार को मुंबई की स्पेशल NDPS कोर्ट ने आर्यन, अरबाज मर्चेंट और मुनमुन धमीचा को बेल देने से इनकार कर दिया। पहले कोर्ट से ऑपरेटिव ऑर्डर ही जारी हुआ। डिटेल ऑर्डर मिलने के बाद आर्यन की तरफ से अमित देसाई और सतीश मानशिंदे जस्टिस नितिन सांबरे के कोर्ट रूम में जमानत याचिका मेंशन करने के लिए पहुंचे, लेकिन तब तक हाईकोर्ट की ये बेंच उठ चुकी थी। इसके बाद मानशिंदे ने दैनिक भास्कर से कहा, 'अब तक हम याचिका दायर नहीं कर पाए हैं, जब याचिका दायर होगी तब आपको बताएंगे।' वहीं, अमित देसाई ने कहा, 'हम कल फिर जमानत याचिका दायर करने की कोशिश करेंगे।' आर्यन खान के वकील अमित देसाई और शाहरुख खान की मैनेजर पूजा ददलानी बेल एप्लिकेशन के लिए हाईकोर्ट पहुंची थीं। मुनमुन धमीचा के वकील अली काशिफ खान भी हाईकोर्ट पहुंचे थे, लेकिन देरी हो जाने की वजह से किसी की भी याचिका दाखिल नहीं हो पाई। (शेष पृष्ठ 3 पर)

## होटल के बाहर खाने की प्लेट नहीं दी तो मालिक पर कर दिए ताबड़तोड़ वार



**मुंबई।** ठाणे शहर के कॅसल मिल इलाके में केवल खाने की प्लेट बाहर ना देने पर गुस्साए ग्राहक ने तेज छुरे से होटल मालिक पर जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें होटल का मालिक काफी गंभीर रूप से घायल हो गया है। फिलहाल हमले का सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। यह वारदात ठाणे शहर के कॅसल मिल नाके पर मौजूद रुचि चायनीज नामक होटल की है। .जिसके मालिक प्रशांत पुजारी अपने होटल के कैस काउंटर पर बैठे थे कि तभी नशे में चूर अशोक मरसाले नामक ग्राहक ने प्रशांत पुजारी पर अपनी जेब में रखे तेज छुरे को निकालकर ताबड़तोड़ वार किये। हमले के सीसीटीवी वीडियो में आप देख सकते हैं कि कितनी बेरहमी से आरोपी होटल मालिक पर हमला किया है। हमले के बाद आरोपी फरार हो गया।



## सावंत ने दिया इस्तीफा

**मुंबई।** प्रेस कांफ्रेंस, सोशल मीडिया और न्यूज चैनलों के पैनल डिबेट में पिछले लंबे समय से कांग्रेस पार्टी का मजबूती से पक्ष रखने वाले प्रवक्ता सचिन सावंत ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा सीधे कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को भेजा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वे अपने से जूनियर को मुख्य प्रवक्ता पद दिए जाने से नाराज हैं। सूत्रों के अनुसार पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को लिखे पत्र में सचिन सावंत ने लिखा कि वे चाहते हैं कि पार्टी उन्हें कोई और जिम्मेदारी दी जाए। सोमवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने अपने करीबी अतुल लोंढे को प्रदेश कांग्रेस का मुख्य प्रवक्ता बना दिया। इससे दुखी होकर सावंत ने प्रवक्ता का पद छोड़ने की इच्छा पार्टी हाईकमान से जताई है। इसके पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने मंगलवार को नवनियुक्त कांग्रेस पदाधिकारियों में कार्यों का वितरण करते हुए प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अतुल लोंढे को मीडिया एवं संचार विभाग सहित मुख्य प्रवक्ता का प्रभार सौंप दिया। (शेष पृष्ठ 3 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

# जल आपदा

केरल में भारी बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन से हुई तबाही की तस्वीरें स्मृति से ओझल भी नहीं हो पाई थीं कि अब उत्तराखंड से आ रही खबरें चिंता बढ़ाने वाली हैं। पिछले तीन दिनों से जारी बारिश के कारण इस पहाड़ी राज्य के कई इलाके जलमग्न हो गए हैं, अनेक लोगों की जान चली गई है, पुल धंस गए हैं, और कई जगहों पर फंसे पर्यटकों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए बचाव दल को भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। बताया जा रहा है कि प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नैनीताल में नैनी झील का पानी लोगों के घरों तक पहुंच गया है। स्वाभाविक रूप से बिजली कटी हुई है और रास्तों के बंद हो जाने से लोगों की जिंदगी काफी मुश्किल हो गई है। हालात की गंभीरता का अंदाज इसी से लग जाता है कि प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री को फोन कर केंद्र की तरफ से हर मुमकिन मदद का भरोसा दिया है।

यह कुदरती आपदा है, और ऐसी आपदाओं के आगे विज्ञान भी अब तक लाचार ही है। दुनिया के तमाम विकसित देशों को भी प्राकृतिक प्रकोपों से जूझना पड़ता है। लेकिन सभ्यता के विकास क्रम में उन्होंने तकनीक की मदद से इतनी सफलता जरूर हासिल कर ली है कि वे पीड़ित तक कम से कम समय में राहत उपायों के साथ उपस्थित हो जाते हैं। ऐसी आपदाओं का मुकाबला उत्कृष्ट मानव सेवा से ही किया जा सकता है। हमें भी वह दक्षता हासिल करनी पडेगी। पहाड़ी राज्यों, खासकर उत्तराखंड को ऐसे प्राकृतिक प्रकोपों का अक्सर सामना करना पड़ता है। इसलिए विवेकपूर्ण तरीके से यह विवेचना होनी चाहिए कि ऐसी किसी सूरत में हानि कैसे न्यूनतम की जा सकती है? ऐसा नहीं है कि पहाड़ी राज्यों में मानव बसाहट कोई नई बात है, लेकिन उनके अविवेकपूर्ण विस्तार ने नुकसान को कई गुना बढ़ाया है। सुदूर क्षेत्रों को तो छोड़िए, हमारे महानगर तक अराजक विस्तार के शिकार हैं और हर मानसून में इसकी पीड़ा नागरिकों को भोगनी पड़ती है।

उत्तराखंड जैसे पहाड़ी और केरल जैसे समुद्र तटीय प्रदेश अपनी भौगोलिक स्थिति के लिहाज से अधिक संवेदनशील रहे हैं। उनके विकास की पूरी संरचना में इसका ख्याल रखा जाना चाहिए था। लेकिन दूरदर्शी नगर योजना व राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी के अलावा बढ़ती आबादी के दबाव ने हमें इस मोड़ तक पहुंचाया है कि हम तय नहीं कर सके कि कहां पर रुक जाना चाहिए। झीलों, नदी मार्गों को पाटते हुए और उनमें अपने लालच बोते हुए हम भूल बैठे कि प्रकृति नाराज हुई, तब क्या होगा? यह सही है कि विकास के लिए प्रकृति का दोहन जरूरी है। पर उसकी सीमा क्या हो, यह तो हमें ही तय करना है। प्रकृति लगातार संकेत करती रही, मगर इंसानी समाज अपनी सुविधा से उनको अनदेखा करता रहा है। अपेक्षाकृत विकसित देशों में अब यह समझ बन रही है कि अपनी सभ्यता के अस्तित्व के लिए इस दोहन पर लगाम बहुत जरूरी है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने यूं ही सरकारी भूमि पर नए तेल कुओं की खुदाई को लेकर रोक नहीं लगाई या पर्यावरण संरक्षण को बेमतलब ही अपने एजेंडे में ऊपर नहीं रखा है। हमें भी सतर्क होने की जरूरत है। खासकर संवेदनशील भौगोलिक क्षेत्रों में। दक्षिण की देवभूमि केरल से लेकर उत्तर की देवभूमि तक कुदरत अगर नाराज है, तो वक्त रहते यह नाराजगी पढ़ी जानी चाहिए।

# चिंताजनक हैं बांग्लादेश की घटनाएं

**पहले बांग्लादेश में कई ऐसे नियम बनाये गये, जो हिंदू समुदाय के विरुद्ध थे। उनकी जमीन और संपत्ति हड़पने का निष्कंटक दौर शुरू हुआ, जो आज भी बरकरार है।**

**इस** बार दुर्गा पूजा के दौरान बांग्लादेश में हिंसा की अनेक घटनाएं हुईं। हिंदू मंदिरों पर हमले के दो दिन बाद बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने दोषियों को कड़ी सजा देने और हिंदुओं को सुरक्षा प्रदान करने की बात दोहरायी है। पिछले साल पूजा के दौरान उन्होंने घोषणा की थी कि दुर्गा पूजा हमारी सरकार की धर्मनिरपेक्षता की पहचान है। उल्लेखनीय है कि भारत-बांग्लादेश संबंधों में कई चुनौतियां हैं, लेकिन एक दर्द अब भी अहम है- हिंदुओं के विरुद्ध हो रहे निरंतर अत्याचार।

दुर्गा पूजा की हिंसा वहां की अंदरूनी मानसिकता की कहानी है। यह दर्द बहुत पुराना है, नोआखाली की हिंसा का इतिहास दुनिया के सामने है। तब गांधी का सत्याग्रह भी बहुत कारगर नहीं हो पाया था। उसके बाद बंटवारे के दौरान भी हिंदुओं का नरसंहार बड़े पैमाने पर हुआ था। अमेरिकी कांग्रेस की रिपोर्ट में दर्ज है कि बंटवारे से पहले बांग्लादेश में हिंदुओं की तादाद करीब 27 फीसदी थी, जो 2011 में महज आठ प्रतिशत रह गयी।

पुनः हिंदुओं का पलायन 1971 में हुआ, जब पाकिस्तानी सेना सुनियोजित ढंग से हिंदुओं की हत्या कर रही थी। हिंदुओं पर एक बार फिर अत्याचार बेगम खालिदा जिया के शासनकाल में हुआ था, जब 2001 में उनकी सरकार बनी थी। उसके बाद कई ऐसे नियम भी बनाये गये, जो हिंदू समुदाय के विरुद्ध थे। उनकी जमीन और संपत्ति हड़पने का निष्कंटक दौर शुरू हुआ, जो आज भी बरकरार है। शेख हसीना की पहल के बावजूद हिंदू दोयम दर्जे की नागरिकता के भी मोहताज हैं।

भारत और बांग्लादेश के भौगोलिक और सांस्कृतिक संबंध इतने स्तरों पर गुंथे हुए हैं कि उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारत प्रबल भौगोलिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और वाणिज्यिक संबंधों के कारण बांग्लादेश के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ोसी है। भारत बांग्लादेश के साथ 4351 किलोमीटर तक फैली भूमि सीमा को साझा करता है। यह सीमा पांच राज्यों में 25 जिलों से होकर गुजरती है।

इस सीमा को अक्सर तस्करी के लिए एक मार्ग के रूप में उपयोग किया जाता है। साल 1971 में बांग्लादेश को आजादी मिली थी। इसमें भारतीय सेना की अहम भूमिका थी। दोनों देशों के बीच कई ऐसे लंबित मुद्दे रहे हैं, जिनका निबटारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान हुआ है। इनमें सबसे प्रमुख रहा दोनों देशों के बीच 'एन्क्लेव' (छींटमहल) के मुद्दे का निबटारा। बावजूद इसके 2019 में बांग्लादेश और भारत के बीच संबंधों में तल्खी तब देखने को मिली, जब भारत ने नागरिकता



संशोधन कानून पारित किया।

बांग्लादेश सरकार का कहना था कि नये कानून के जरिये भारत यह संदेश देना चाह रहा है कि वहां रहनेवाले ह्वानौ प्रतिशत हिंदू अल्पसंख्यक असुरक्षितह्व हैं। विदेश और सामरिक मामलों के जानकारों का मानना है कि कोरोना काल में ही भारत ने बांग्लादेश के साथ पर्दे के पीछे से कूटनीतिक संबंधों को बेहतर करने के लिए प्रयास शुरू कर दिये थे। विश्लेषक कहते हैं कि इसी का परिणाम है कि बांग्लादेश पहुंचे भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि भारत और बांग्लादेश के संबंध सिर्फ सामरिक दृष्टिकोण से ही मजबूत नहीं हुए हैं, बल्कि उससे भी आगे जा चुके हैं।

जयशंकर का यह भी कहना था कि केवल दक्षिण एशिया नहीं, बल्कि पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बांग्लादेश भारत का महत्वपूर्ण सहयोगी बन गया है। भारत के लिए चिंता का सबसे बड़ा मुद्दा दक्षिण एशिया और दक्षिण-पूर्वी एशिया में आतंकवादी और कट्टरपंथी संगठनों का पैर पसारना है। भारत नहीं चाहता है कि बांग्लादेश में ऐसे समूहों की गतिविधियां बढ़ें, जिससे भारत को किसी प्रकार का खतरा पैदा हो। खास तौर पर दोनों देशों की सीमा से लगे इलाकों में इसके संकेत मिले हैं।

लेकिन शेख हसीना सरकार ने काफी हद तक इन पर अंकुश लगाने के प्रयास भी किये हैं। भारत की चिंता दक्षिण एशिया में बढ़ती हुई आतंकी गतिविधियों से भी है। अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार बनने और पाकिस्तान की घुसपैठ का असर बांग्लादेश की अंदरूनी राजनीति पर भी पड़ सकता है। अतिवादी गिरोह वहां पर भी सक्रिय हैं, जो हिंदुओं को निशाना बना रहे है। ऐसे में जरूरी है कि वैसे कानून, जिनकी वजह से हिंदू समुदाय बांग्लादेश छोड़ने के लिए अभिशप्त हो रहा है, उन्हें हटाया जाये।

भारत में कोई भी ऐसा कानून नहीं बना है, जिससे यह विवाद पनपे कि मुस्लिम समुदाय या किसी अन्य अल्पसंख्यक समुदाय को भारत में दोयम दर्जे का नागरिक माना जाता हो। इसलिए भारत की छिटपुट घटनाओं को आईना मान कर हिंदुओं के साथ भेदभाव करना ठीक नहीं है। बांग्लादेश की आर्थिक प्रगति में भारत-बांग्लादेश संबंध का अहम योगदान है। हमारी सांस्कृतिक कड़ी और मजबूत बनेगी, अगर हिंदुओं के साथ भेदभाव रोका जाए और उनकी संपत्ति की सुरक्षा की जाए।

बांग्लादेश में हिंदू आबादी का कम होना गंभीर चिंता का विषय है। इस तथ्य और सच्चाई को नागरिकता संशोधन कानून से जोड़ कर नहीं देखा जाना चाहिए। दोनों की पृष्ठभूमि अलग है। भारत की पहचान केवल संविधान में ही नहीं, बल्कि लोगों के मानस में धर्मनिरपेक्षता की रही है। उसमें कोई बदलाव नहीं आया है। बांग्लादेश में भी वही सोच विकसित करनी पड़ेगी। पाकिस्तान की तर्ज पर चलना ठीक नहीं है। शेख हसीना से उम्मीद है कि वे इस दिशा में ठोस पहल करेंगी।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस. खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व), मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर,एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, **फोन:9619102478 /9821238815** email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस. खान**,
समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# कांग्रेस के पूर्व महापौर नईम खान द्वारा आयोजित वैक्सिंग कैंप को किया गया रद्द



**संवाददाता/समद खान**

**मुंब्रा।** गत 20 अक्टूबर बुधवार को कांग्रेस के पूर्व महापौर नईम खान द्वारा उनके बंगले पर आयोजित वैक्सीन कैंप को रद्द कर दिया गया। पत्रकार द्वारा इस कैंप को रद्द करने के कारण के बारे में पूछने पर उन्होंने बताया कि, मंगलवार को महानगर पालिका में शिवसेना और एनसीपी में लसीकरण मामले को लेकर आपस में वाद विवाद हो गया। इस पर महापौर द्वार वैक्सीन देने पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। शिवसेना ने एनसीपी पर आरोप लगाया है। काम हम करते हैं और पोस्टर तुम लगाते हो खैर एक हफ्ते में अगली तारीख मनपा प्रशासन द्वारा दी जाएगी और उसी दिन यह वैक्सिंग कैंप का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बात के दौरान यह बताया हाल ही में विरोधी पक्ष नेता अशरफ पठान द्वारा मनपा कार्यालय में मुंब्रा दिवा कलवा में चल रही पानी आपूर्ति समस्या को लेकर धारणा प्रदर्शन किया गया। उन्होंने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि विरोधी पक्ष नेता को अपनी कुर्सी की अहमियत को समझना चाहिए। इतने बड़े पद पर रहने के बाद भी धरना प्रदर्शन करना पड़ा है। जबकि सत्ताधारी पार्टी वही है और उनका मंत्री कैबिनेट मिनिस्टर है। फिर भी उनको इस तरह के धरना प्रदर्शन करने पड़ रहे हैं इस से यह समझ में आता है विरोधी पक्ष नेता तो कमजोर है और साथ-साथ उनका मिनिस्टर भी कमजोर होता हुआ नजर आ रहा है। उन्होंने शिवसेना में और एनसीपी में इस वाद विवाद के बारे में अपनी प्रतिक्रिया बताते हुए कहा की हमेशा एनसीपी ने यही किया है। हमारे द्वारा शुरू किए कार्य को अपने बताया है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा की व्हाय जंक्शन के पास जो टनल का काम चल रहा है। यह अंडरग्राउंड टनल मुंब्रा से होता हुआ सीधा एरोली नवी मुंबई में प्रस्थान करेगा जिसका क्रेडिट एनसीपी ले रही है। दरअसल वह टनल 2007 में विलासराव देशमुख द्वारा पास किया गया था। जिसका कार्य 2012 में शुरू किया गया और एनसीपी यह कह रही है यह कार्य हमने शुरू किया है। फिलहाल चुनाव का वक्त करीब है अभी आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला विरोधियों का सत्ताधारी पर लगना लाजिम है। अब देखना यह है सत्ताधारी पार्टी का क्या जवाब देती है यह देखने वाली बात होगी।

# भाजपा किसान मोर्चा ने बंद पड़ी कृषि उपज मंडी को पुनः चालु करवाने के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**निम्बाहेड़ा।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा ने बंद पड़ी निम्बाहेड़ा कृषि उपज मंडी को पुनः चालु करवाने के लिए उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर मांग कि की पिछले काफी दिनों से निम्बाहेड़ा कृषि उपज मंडी बंद होने से क्षेत्र के किसानों को अपनी फसल को बेचने के लिए मध्यप्रदेश की नीमच मंडी में ले जाना पड़ रहा है, जिससे समय और धन का खर्चा व उल्टा बोझ किसानों पर पड़ रहा। वहीं कृषि मंडी में मेहनत मजदूरी करने वाले कई लोगों के रोजगार पर भी बुरा असर पड़ रहा है। भाजपा किसान मोर्चा ने किसानों और मजदूरों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री से तुरंत प्रभाव से कृषि उपज मंडी पुनः चालू करवाने के लिए उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष गब्बर सिंह अहीर, जिला उपाध्यक्ष भैरुलाल गायरी, जिला मंत्री किशनलाल गायरी, जिला कोषाध्यक्ष माधवलाल जाट, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पुष्कर धाकड़, नगर अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, नगर महामंत्री सत्यनारायण माली, राजेश करोड़ीवाल, रतन वैष्णव, अर्जुन गायरी, मिट्ठू लाल कुमावत, सुरेश मेघवाल, देवकरण समदानी, अरविंद आमेटा (फलवा) एवं पूर्व सरपंच बलवंत सिंह चपलोत बाड़ी उपस्थित थे। बाली। फालना पहुचे राज्यसभा सांसद नीरज डांगी ,फालना ठाकुर अभिमन्यु सिंह के निवास पर राज्यसभा सांसद नीरज डांगी का कॉंग्रेस जनो ने किया भव्य स्वागत, बाली कॉंग्रेस नेता और ठाकुर अभिमन्यु सिंह के नेतृत्व में कॉंग्रेस पदाधिकारियो जनप्रतिनिधियो और कार्यकर्ताओ ने राज्य सभा सांसद नीरज डांगी का भव्य स्वागत किया। यहा डांगी कार्यकर्ताओ से भी रूबरू हुए।



# राज्यसभा सांसद नीरज डॉगी का भव्य स्वागत किया

**बाली।** फालना पहुचे राज्यसभा सांसद नीरज डांगी ,फालना ठाकुर अभिमन्यु सिंह के निवास पर राज्यसभा सांसद नीरज डांगी का कॉंग्रेस जनो ने किया भव्य स्वागत, बाली कॉंग्रेस नेता और ठाकुर अभिमन्यु सिंह के नेतृत्व में कॉंग्रेस पदाधिकारियो जनप्रतिनिधियो और कार्यकर्ताओ ने राज्य सभा सांसद नीरज डॉगी का भव्य स्वागत किया। यहा डांगी कार्यकर्ताओ से भी रूबरू हुए।

# (पृष्ठ 1 का शेष भाग)

### तेल के दाम में आग...

सेरावीक के इंडिया एनर्जी फोरम को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि यदि ईंधन की कीमतें उच्च बनी रहीं तो समूची दुनिया में आर्थिक रिकवरी घट जाएगी। पिछले साल अप्रैल में कोरोना महामारी के दौरान दुनिया के अधिकांश देशों में लगाए गए लॉकडाउन के कारण मांग घटने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 19 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई थीं। संक्रामक महामारी के खिलाफ पूरी दुनिया में तेजी से टीकाकरण के कारण तेल की मांग में इस साल सुधार आया तो कच्चा तेल चढ़कर 84 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा कि इस कारण ईंधन महंगा हो गया और इससे महंगाई बढ़ने की आशंका पैदा हो गई। उन्होंने कहा कि भारत का तेल आयात बिल जून 2020 की तिमाही में 8.8 अरब डॉलर था, जो इस साल बढ़कर 24 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसकी वजह विश्व बाजार में तेल महंगा होना है। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि भारत मानता है कि ईंधन की उपलब्धता विश्वसनीय, सस्ती व स्थिर होना चाहिए। विनाशकारी महामारी के बाद आर्थिक रिकवरी कमजोर हो गई है और तेल की उच्च कीमतों के कारण इसे और खतरा पैदा हो गया है। भारत अपनी तेल जरूरत का लगभग दो तिहाई हिस्सा पश्चिम एशिया से आयात करता है। इसलिए उसने तेल उत्पादक व निर्यातक देशों यानी ओपेक देशों से आग्रह किया है कि तेल के ऊंचे दामों से वैकल्पिक ईंधन की ओर तेजी से बढ़ना पड़ेगा और ऐसे में ये ऊंचे दाम उत्पादकों को ही नुकसान पहुंचाने वाले साबित होंगे।

### मुंबई में अरेस्ट हुआ गाजियाबाद का...

एक्ट्रेस की नाराजगी को देखते हुए आरोपी ने उनसे माफी भी मांगी थी। इसकी पुष्टि केबिन क्रू की ओर से की गई है। प्लेन के क्रू ने भी मेल पर की गई एक्ट्रेस की कंप्लेंट को सहार एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन भेज दिया। मामले में जांच शुरू हुई और पुलिस ने नितिन नाम के शख्स के खिलाफ केस दर्ज किया। इसके बाद सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार कर स्थानीय कोर्ट में पेश किया गया, जहां से अदालत ने उसे तीन दिन की कस्टडी में भेज दिया है। जांच में सामने आया है कि आरोपी ने क्रू मेंबर का ध्यान भटकाने के लिए अपना नाम गलत बताया था, उसने पहले अपना नाम राजीव बताया था। शुरू में राजीव नाम के शख्स की तलाश होती रही और फिर पुलिस टीम को उसके नाम पर संदेह हुआ तो एयरलाइन्स ने सभी यात्रियों का रिकॉर्ड निकाला गया। इसी दौरान यह पता चला कि आरोपी जा असली नाम नितिन था। पुलिस ने एक्ट्रेस को नितिन की तस्वीर भेजी और उनके द्वारा पुष्टि करने के बाद 14 अक्टूबर को नितिन को पूछताछ के लिए पुलिस स्टेशन बुलाया गया। कुछ घंटे की पूछताछ के बाद आरोपी को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया।

### NDPS कोर्ट ने आर्यन, अरबाज और...

क्रूज ड्रग पार्टी केस में 3 अक्टूबर को गिरफ्तार किए गए आर्यन 8 अक्टूबर से मुंबई की आर्थर रोड जेल में बंद हैं। जेल में आर्यन को कैदी नंबर 956 का बैच मिला है। आर्यन की 14 दिन की न्यायिक हिरासत भी 21 अक्टूबर को खत्म हो रही है। आर्यन की जमानत का विरोध करते हुए ASG अनिल सिंह ने कहा था कि रिकॉर्ड और सबूतों से पता चलता है कि आर्यन पिछले कुछ वर्ष से ड्रग्स का नियमित सेवन कर रहा है। ASG ने कहा कि आर्यन काफी प्रभावशाली हैं और जमानत पर रिहा होने पर सबूतों के साथ छेड़छाड़ या उनके देश से भागने की आशंका है। सिंह ने आगे कहा कि ठोस सबूत के आधार पर आर्यन और उनके दोस्त अरबाज की गिरफ्तारी हुई है। NCB ने कहा था कि ड्रग्स रैकेट के विदेशी लिंक की जांच होनी है। ये बड़ी साजिश है जिसकी जांच होनी जरूरी है। आर्यन, अरबाज से ड्रग्स लेते थे इसलिए उन्हें भी जमानत नहीं दी जानी चाहिए। NCB ने कोर्ट में वॉट्सऐप चैट भी रखी और दावा किया कि इस चैट की जांच से पता चला है कि ड्रग्स मामले में आर्यन खान की अहम भूमिका है। इससे पहले 13 अक्टूबर को करीब 3 घंटे सुनवाई चली थी, लेकिन बहस पूरी नहीं हो पाई थी। इस दौरान बचाव पक्ष ने आर्यन को जमानत दिलाने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB) के पंचनामे से लेकर आरोपियों पर लगाई धाराओं पर बहस की। उन्होंने कहा कि आर्यन के पास से कोई ड्रग्स की बरामदगी नहीं हुई। ना ही NCB को कोई कैश मिला है। जिस शख्स ने आर्यन को पार्टी में बुलाया था, वो गिरफ्तार नहीं है।

### सावंत ने दिया इस्तीफा...

समिति में महासचिव और प्रवक्ता सचिन सावंत और जाकिर अहमद को भी शामिल किया गया। वहीं अध्यक्ष और गणमान्य व्यक्तियों के दौरे की योजना बनाने की जिम्मेदारी महासचिव देवानंद पवार को दी गई है। सोशल मीडिया विभाग का प्रभार प्रदेश महासचिव विशाल मुत्तेमवार को सौंपा गया है। पूर्व मंत्री एवं प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुनील देशमुख को आघाडी संगठन, विभाग और सेल विभाग प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष शरद आहेर सह प्रमुख होंगे तथा प्रदेश कांग्रेस महासचिव ए अभिजीत वंजारी सह-प्रमुख और प्रदेश महासचिव और पूर्व विधायक दीप्ति चवधरी को सदस्य बनाया गया है। चुनाव प्रबंधन समिति का प्रमुख प्रदेश महासचिव रमेश शेट्टी, सह प्रमुख राजन भोसले, मुनाफ हकीम को बनाया गया है। सदस्य के रूप में विश्वजीत हाप्पे को नियुक्ति किया गया है। प्रशिक्षण विभाग का प्रमुख पद प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक रामहरी रुपनवर को दिया गया है। सह प्रमुख के रूप में शाम उमालकर, संजय बालगुडे, जबकि सदस्य पद पर डॉ. हेमलता पाटिल और जयश्री शेलके को नियुक्त किया गया है। पूर्व सांसद और प्रदेश उपाध्यक्ष हुसैन दलवाई को राजनीतिक कार्यक्रम योजना समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। सह प्रमुख पद पर गणेश पाटिल होंगे, जबकि सदस्य के रूप में सूर्यकांत पाटिल तथा प्रशांत गावंडे को नियुक्त किया गया है। बूथ विस्तार समिति का प्रमुख प्रदेश उपाध्यक्ष भाई नगराले को बनाया गया है। उनके साथ सह प्रमुख पद पर हरीश पवार और सदस्य के रूप में सचिन साठे और नंदा म्हात्रे को नियुक्त किया गया है।



# फारुख खान के केयर फाउंडेशन ग्रुप (USA) ने लॉन्च किया प्रोजेक्ट मदर और अलबम 'साथ'





मुंबई। हाल ही में सहारा स्टार होटल, मुम्बई में जेस्ट इन प्रेजेंट्स 'वर्ल्ड नोबल कॉज इनीटीएशन (WNCI)' के शानदार समारोह का आयोजन किया गया जहां फारुख खान के केयर फाउंडेशन ग्रुप (यूएसए) द्वारा 'प्रोजेक्ट मदर' और म्यूजिक वीडियो 'साथ' की लांचिंग की गई। कोरोना काल में लगातार मानव सेवा करने वाले फारुख खान ने इस अनोखी पहल की शुरआत की है और उन्होंने 100 मदर केयर सेंटर खोलने का एलान किया। उन्होंने कहा कि देश के कई पिछड़े इलाकों में अब भी गर्भवती महिलाओं को चिकित्सा की तत्काल और बेहतर सुविधाएं नहीं मिल पाती है। कई बार ऐसा होता है कि जो महिला 9 महीने तक बच्चे को अपनी कोख में पालती है, उसे जिंदा नहीं देख पाती। फारुख खान ने स्टेज पर बेहद भावुक स्वर में कहा कि उन्होंने अपने भाई को भी खोया है। इसलिए उन्होंने यह संकल्प लिया है कि वह पूरे देश मे 100 मैटरनिटी सेंटर खोलेंगे। इस मदर प्रोजेक्ट का उद्घाटन खुद फारुख खान ने अपने माता पिता की मौजूदगी में किया। फारुख खान ने आगे बताया कि मनीष भाई के सहयोग से इस मदर प्रोजेक्ट का पहला सेंटर 18 अक्टूबर को पनवेल में खुल रहा है। इस मौके पर न्यूयॉर्क गैंग प्रोडक्शन के बैनर तली बनी म्यूजिक वीडियो 'साथ' भी लांच किया गया जिसकी टैगलाइन है - 'है ये दुआ तू हो मेरा'। फारुख खान ने इस वीडियो का निर्देशन किया है। उन्होंने बताया कि 'साथ' सिर्फ एक म्यूजिक वीडियो नहीं है बल्कि यह एक संदेश देता है कि अगर किसी को कोरोना हुआ है तो उसके अपने उसे अकेला न छोड़ें, उसकी सेवा करें, वह मरीज स्वस्थ हो जाएगा। बहुत से बुजुर्ग इसलिए हमसे बिछड़ गए कि हमने उन्हें तन्हा छोड़ दिया। इस म्यूजिक वीडियो में जोशुआ लिहला और ज्योति महाजन ने अभिनय किया है। फारुख खान ने आगे बताया कि राशिद खान ने इस गीत को कम्पोज किया है जिसे मोहम्मद इरफान ने गाया है। इसमें काम करने वाले जोशुआ हैंडीकैप्ड इंसान हैं मगर हमारी कम्पनी ने ऐसे लोगों को एक मौका देने का फैसला किया है जो मजबूर हैं। जोशुआ ने फारुख खान का शुक्रिया अदा किया और कहा कि अमेरिका में जिस तरह फारुख खान और उनके केयर फाउंडेशन ने लोगों को खाने पीने का सामान पहुंचाया है, वो बेमिसाल काम है। आपको बता दें कि फारुख खान ने 22 दिसम्बर 2020 को क्रिसमस के मौके पर 500 से अधिक फैमिली को फूड किट पहुंचाया। उनके तमाम सामाजिक कार्यों को देखते हुए अमेरिका में 22 दिसम्बर को 'फारुख खान डे' घोषित किया गया जो अपने आप मे एक बड़ा अचीवमेंट है। अमेरिका में जन सेवा करने के बाद अब हिंदुस्तान में भी फारुख खान ने लोगों की मदद का संकल्प लिया है। वह इंडिया में 100 मैटरनिटी होम खोलेंगे जिसकी शुरूआत पनवेल से होने जा रही है। एनसीपी माइनॉरिटी के नेशनल प्रेसिडेंट शब्बीर अहमद विद्रोही ने कहा कि इस मंच पर जो अवार्ड दिया जा रहा है वो समाज की भलाई करने वालों को दिया जा रहा है। आज देश मे इंसान की कमी है लेकिन फारुख खान जैसे महान इंसान भी मौजूद हैं जिन्हें इंसानियत की सेवा करना आता है। कार्यक्रम में उपस्थित एडवोकेट व सोशल वर्कर रमेश त्रिपाठी ने कहा कि आज मैंने जो फारुख खान के दिल में दूसरों की मदद करने का हौसला और जज्बा देखा, वो अद्भुत है। वही इंसान संत बन सकता है जो दूसरों की भलाई चाहता है। फारुख खान ने कोविड और लॉकडाउन के दौरान स्वामी विवेकानंद की तरह मानव सेवा की है। अमेरिका में ऐसा कार्य करके उन्होंने अपने माँ बाप और अपने देश का नाम रौशन किया। उन्होंने 100 मदर प्रोजेक्ट का एलान किया है जो बड़ी उपलब्धि है।

**फारूक खान ने जो अपने माता पिता को सम्मान दिया उस्सको देखकर सब लोगो की आंखें नम हो गयी ऐसे माँ बाप और ऐसी औलाद बहुत ही नसीब से मिलती है दैनिक मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस. खान और सभी उपस्थित लोगों ने अपनी दुवाओ से फारूक खान को नवाजा।**



## केयर फाउंडेशन ग्रुप (USA) ने राष्ट्रीय अखबार दैनिक मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस. खान को सम्मानित किया



# अन्जुमन ईस्लाम कमेटी के तत्वावधान में मनाया सांकेतिक रूप से जश्ने ईदमिलादुन्नबी पर्व



**निम्बाहेड़ा।** 19 अक्टूबर के मौके पर कोरोना गाइडलाइंस इस्लाम कमेटी के तत्वावधान आखरी पैगम्बर हजरत मोहम्मद की यौमे पैदाइश के मौके पर 19 गया। अंजुमने ईस्लाम कमेटी के की जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके आयोजन अन्जुमन परिसर में किया नगर में जश्ने ईद मिलादुन्नबी की पालना के तहत अंजुमन में मजहब ऐ इस्लाम के सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम अक्टूबर मंगलवार को मनाया सदर शोयब लाला ने बताया पर दो दिवसीय तकरीर का गया। जिसमें निम्बाहेड़ा के सभी पेश इमामों व कोटा के मौलाना सईद मुख्तियार ने अपने बयान पेश किए। मंगलवार को सुबह 10 बजे अंजुमन से निम्बाहेड़ा के सभी पेश इमाम व अन्जुमन कमेटी के पदाधिकारी के साथ हजरत घोडा देह बाबा साहब व हजरत केली वाले मिया साहब के यहां चादर पेश की। आस्ताना घोडा देह बावा साहब पर चादर पेश करने के बाद शहर काजी हाजी आबिद हुसेन ने कुरआन की तिलावत की लंगर पर फातेहा ख़्वानी हुई उसके बाद शहर के समाजजनों के लिए तबरूक तकसीम किया गया।अन्जुमन सदर का नगर की समस्त कमेटियों द्वारा इस्तकबाल किया गया और साफा बंधवाकर गुलपोशी की गई। इस मौके पर हजरत केली वाले मिया उर्स कमेटी, हजरत रोशन अली बाबा उर्स कमेटी, खान ग्रुप चंदन चोक, शोकत मंसुरी, यूसुफ कुरेशी, सलाम मुल्तानी, नदीम खान, अतक खान द्वारा अन्जुमन सदर का स्वागत किया गया। साथ ही इस मौके पर शहर की सभी मुस्लिम क्षेत्रों में विद्युत साज सज्जा की गई है और अन्जुमन, दरगाह, मस्जिदों व घरों में भी सजावट की गई। अंजुमन सदर शोयब खान लाला ने जश्ने ईद मिलादुन्नबी की सभी शहर वासियों को मुबारकबाद दी। व शांति व सदभाव से त्योहार के सफल आयोजन होने पर सभी का शुक्रिया अदा किया। ज्ञातव्य है की मुस्लिम हर वर्ष जश्ने ईद मिलादउन्नबी बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है लेकिन पिछले 2 वर्ष से कोरोना महावारी के चलते सांकेतिक रूप से मनाया जा रहा है।





शॉल पहना कर अंजुमन के सदर का इस्तकबाल करते हुए नदीम कुरैशी

# मुस्लिम सेवा संघ के प्रदेशाध्यक्ष सपा नेता नदीम कुरैशी ने किया अंजुमनों का इस्तकबाल

बरेली समाजवादी पार्टी बरेली चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ अनीस बेग द्वारा बरेली की सभी अंजुमन के आयोजक के इस्तकबाल हेतु कैम्प का कोहाड़ापीर पर आयोजन किया गया,जिसमे शहर की सभी अंजुमनों के सदर व सेक्रेटरी का शॉल पहनाकर एवं फूल मालाओं से इस्तकबाल किया गया पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार, जिला अध्यक्ष अगम मौर्या,सपा महानगर अध्यक्ष शमीम खा सुल्तानी,मुस्लिम सेवा संघ के अध्यक्ष सपा नेता नदीम कुरैशी,शेर सिंह गंगवार, डॉ उर्फी बेग, जमीर बेग, अल्ताफ हुसैन अंसारी के अलावा तमाम साथी उपस्थित रहे इस मुबारक मौके पर सपा नेता नदीम कुरैशी ने कहा ईद मिलादुन्नबी सबसे बड़ी ईद के रूप में मनाई जाती इस दिन पैगम्बर ऐ इस्लाम मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैह वसल्लम का मुस्लिम समाज यौमे विलादत मानते हैं एक दूसरे के घरों पर मिठाई बांटी जाती है गरीब व मजलूम की मदत की जाती।



## विधानसभा 2022 में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी उतारेगी प्रत्याशी प्रदेश सचिव सैनिक प्रकोष्ठ

**प्रयागराज।** भूतपूर्व, सैनिक प्रकोष्ठ संजय पांडे ने खास बातचीत में मीडिया को बताया राष्ट्रीय अध्यक्ष, कुंडा -विधायक कुं, रघुराज प्रताप सिंह, (राजा भैया जी) के निर्देश में विधानसभा चुनाव 2022 में विभिन्न हिस्सों में प्रत्याशियों को पार्टी टिकट देकर चुनाव लड़ाने का काम करेंगी तथा सरकार बनने पर किसान, गरीब, असहाय, विधवा महिला, व बुजुर्गों, बेरोजगार युवाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। वही पांडे ने शिक्षा के क्षेत्र में भी चर्चा किया है कहा लैपटॉप बच्चों को वितरण कर पढ़ाई- लिखाई में डिजिटल तरीके से बढ़ावा दिया जाएगा इस मौके पर पार्टी के तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता आदि लोग उपस्थित रहे।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# नही निकला जुलूस ए मौहम्मदी





## अकीदत और सादगी से मनाया ईद मिलादुन्नबी

**संभल।** उत्तर प्रदेश के जनपद सम्भल मे जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर कोविड-19 नियमों के अंतर्गत ग्राम पँचायत शेर खां सराय के मोहल्ला मंडी किशन दास सराय में राष्ट्रीय समाचार पत्र दैनिक कलम हिन्दुस्तानी के वरिष्ठ पत्रकार स्वालेहीन अशरफी जी के मकान पर मिलाद का आयोजन किया गया। जिसमें मिलाद का आगाज रमीश हुसैन अशरफी ने किया। उन्होंन प्यारे नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की जिन्दगी पर रोशनी डालते हुए कहा माह ए रबी उल अव्वल की बहुत बड़ी फजीलत है इस माह का मर्तबा बाकी तमाम महीनों से अफजल है। हत्ता के माह ए रमजान उल मुबारक की शान भी इस महीने से कम है क्योंकी माह ए रमजान में अल्लाह ताला ने कुरआन नाज़िल फरमाया । रमजान का वो महीना जिसमें हमने कुरआन नाज़िल फरमाया) लेकिन इस माह ए रबी उल अव्वल में खुद साहिब ए कुरआन तशरीफ लाए जिसकी शान में अल्लाह ताला ने कुरआन नाज़िल किया तो हमारी हकीकी ईद तो इसी माह ए मुबारक में है क्यूंकि इस महीने में अल्लाह ताला ने हमें अपना प्यारा मेहबूब अता फरमाया है।ः हसन हाफिज जी ने सलाम के बाद दुआ कराई दुआ में उन्होंने कहा हम सबको प्यारे नबी की सुन्नतों पर चलने की तौफीक अता फरमा हिंदुस्तान के अंदर जितने भी मुसलमान भाई हैं उनकी हिफाजत फरमा और करो ना जैसी खतरनाक बीमारी हमारे हिंदुस्तान फैली हुई है अल्लाह इस खतरनाक बीमारी से सभी देशवासियों को निजात दिला कार्यक्रम के समापन के मौके पर स्वालेहीन अशरफी ने अपने प्यारे मुल्क भारत की तरक़्की उन्नति खुशहाली की दुआ कराई ।

# दीपावली और छठ पूजा से पहले हो वेतन भुगतानः मशकूर आलम

**संवाददाता**

**मधुबनी ।** बिहार प्रदेश प्रारंभिक शिक्षक संघ जिला इकाई मधुबनी के जिला अध्यक्ष मशकूर आलम ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार से मांग कि के दीपावली और छठ पूजा से पहले सरकार वेतन भुगतान हेतु आवंटन सभी जिलों को यथा शिध्र मोहैया कराये ताकि स समय शिक्षकों का वेतन भुगतान हो सके। उन्होंने कहा के नवम्बर के पहले सप्ताह में दीपावली और दूसरे सप्ताह में लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा है। इन महत्वपूर्ण त्योहारों के देखते हुए वेतन के साथ डीपीई ऐरीयर का भुगतान दीपावली से पहले करने की मांग सरकार से की है, ताकि शिक्षक और उनके आश्रित दीपावली और छठ पर्व हर्षोल्लास के साथ मना सकें। दुगार्पूजा में अधिकांश जिलों में वेतन भुगतान नहीं हो सका जिससे शिक्षकों और उनके आश्रितों में निराशा व्याप्त रही।

जिला प्रवक्ता सह जिला सचिव श्री अरविन्द नाथ झा ने कहा के मधुबनी जिले में दुगार्पूजा में ररअ से आच्छादित शिक्षकों का वेतन भुगतान तो हुआ लेकिन ऋड्ड से आच्छादित शिक्षकों का वेतन भुगतान ट्रेजरी से पैसा हस्तांतरित नहीं होने के कारण नहीं हो सका जिससे शिक्षकों में पदाधिकारी के प्रति नाराजगी दिखाई दे रही है और नाराजगी भी स्वाभाविक है। जिला उपाध्यक्ष तकी अख्तर और जिला सचिव मो० एहसान ने कहा के डीपीई से प्रशिक्षित शिक्षक को प्रशिक्षित हुए करीब चार वर्ष होगए लेकिन अभी तक उनके अंतर वेतन का भुगतान नहीं हो सका , संघ के द्वारा डीपीई ऐरीयर भुगतान हेतु कई बार जिला शिक्षा पदाधिकारी मधुबनी को पत्र के माध्यम से लिखा गया है लेकिन पदाधिकारी के द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है । वहीं बेनीपट्टी प्रखण्ड अध्यक्ष श्री अखिलेश कुमार झा एवं रहिका प्रखण्ड अध्यक्ष श्री श्रवण कुमार राय ने कहा है के नव प्रशिक्षित शिक्षकों ने



जनवरी-2019,31 मार्च-2019, और 22 मई 2019 में ही प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है लेकिन दो सालों से विभाग के द्वारा अंतर राशि का भुगतान नहीं किया गया है जो खेद का विषय है ।

रहिका प्रखण्ड के प्रधान सचिव मो० सदरे आलम ने कहा के वेतन में 15% की वृद्धि की घोषणा का भी एक वर्ष होने जा रहा है लेकिन सरकार अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठायी है, सरकार हमेशा नियोजित शिक्षकों के साथ सौतेला व्यवहार करती रही है ।

सभी ने एक स्वर में सरकार से मांग कि के दीपावली और छठ पूजा को देखते हुए बकाया वेतन भुगतान हेतु सभी जिलों को आवंटन यथा शिध्र मोहैया कराये ताकि स समय वेतन भुगतान हो सके।

## मुस्लिम महासंघ ने जश्न ए ईदमिलादुन्नबी के मौके पर चादर पेश करके कोरोना से निजात की दुआ मांगी



**रिपोर्टर सैय्यद अलताफ हुसैन**

**राजसमंद।** मुस्लिम महासंघ प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद दानिश अली ने बताया ईद मिलादुन्नबी के मौके पर सभी कार्यकर्ता चेतक पर इक्कठा हो कर कोरोना गाइड लाइन की पालना करते हुए पदाधिकारियो द्वारा हजरत इमरत रसूल बाबा रहमतुल्लाह अलैह की बारगाह में पहुँच कर चादर शरीफ पेश की। व दुनिया से कोरोना निजात की दुआ की गई और सादगी से त्यौहार मनाया।

इस मोके पर मुस्लिम महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी मोहम्मद बक्ष, राष्ट्रीय महासचिव के आर सिद्दीकी, प्रदेश अध्यक्ष हनीफ खान,सम्भागीय अध्यक्ष तौकीर रजा, जिला अध्यक्ष मुजजीबुद्दीन खान,शादाब खान,शफी मेकेनिक, तोशिफ कुरैशी, इब्राहिम खेरादी, लियाकत हुसैन सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।


# डॉ. सिंह ने होम्योपैथी इलाज से कर दिखाया कमाल

## 28 वर्षीय देशनोक निवासी जयंती को मिला गठिया से छुटकारा

**रिपोर्टर /सैयद अल्ताफ हुसैन**

**बीकानेर।** ऐलोपैथिक के शक्तिशाली मार्केट के बीच होम्योपैथी पद्दति ने अपना दबदबा फिर से कायम किया है। बीकानेर में होम्योपैथी पद्दति को काफी मरीजों ने आजमाया और बेहतर रिजल्ट पाया है जिससे उनको अप्रत्याशित लाभ हुआ है, यह करिश्मा बीकानेर के जाने मानें प्रसिद्ध होम्योपैथी डॉक्टर भानु प्रताप सिंह ने किया है । डॉ. सिंह ने अपने शानदार अनुभव से कई जटिल बीमारियों का इलाज होम्योपैथी से किया है जिसकी बदौलत अब तक कई मरीजों की बुझी जिंदगी एक बार फिर से रोशन हो चुकी है ।इस बार डॉ. सिंह ने गठिया जैसी जटिल बीमारी का होम्योपैथी से इलाज कर अपनी अपनी योग्यता को मेडिकल साइंस में साबित कर दिखाया है।

डॉ सिंह ने बताया 28 वर्षीय जयंती देवी देशनोक निवासी जिनमे घुटनों मे बहुत ज्यादा दर्द होने के कारण चल पाना बहुत मुश्किल हो गया था घुटनों मे सूजन आ गयी थी और मल्टीपल जॉइंट्स मे दर्द बहुत तेज था।मरीज के अनुसार उसने काफी जगह से इलाज लिया लेकिन इस असहनीय दर्द से चंद घंटों के लिए ही आराम मिलता । इसी बीच मरीज जयंती देवी को को बीकानेर के होम्योपैथी विशेषज्ञ डॉ. भानु प्रताप सिंह के बारे में पता चला जिससे उन्होंने परामर्श लिया।मरीज के गठिया की बीमारी कई वर्षों से है । डॉ. सिंह ने मरीज का इलाज शुरू किया और कुछ परहेज रखने को कहा और इलाज शुरू होने के मात्र




तीन माह के बाद आज 19 अक्टूबर 21 को गठिया की दुबारा जांच करवाई गई।रिपोर्ट



आश्चर्यजनक थी जिसे सुनने के बाद मरीज व उनके परिजनों का खुशी का ठिकाना नही रहा। रिपोर्ट के अनुसार गठिया नॉर्मल था। डॉ. सिंह के अनुसार अभी रोगी देशनोक निवासी जयंती देवी 28 वर्ष बिना किसी दर्द के आसानी से चल पा रही हैं, और शरीर के अन्य जोड़ों मे दर्द ना के बराबर है ।

उल्लेखनीय है,

डॉ.भानु प्रताप सिंह (एम. डी मेडिसन) ने अब तक हजारों रोगी गठिया के होम्योपैथिक मेडिसन से बिना किसी दुष्प्रभाव से इलाज में सफलता हासिल कर पीड़ित मरीजो को बेदर्द जिंदगी देने का सराहनीय कार्य किया है । डॉ. सिंह ने गठिया के अलावा, पीसिओडी, निसंतान, बिना ऑपरेशन बच्चेदानी की गांठ, फाइब्रॉइड, पथरी के इलाज में भी अपना बेहतर परिणाम दिया है।

# पार्लर से कराने जा रही हैं मेनीक्योर ?




मेनिक्योर खुद से करने से ज्यादा पार्लर से करवाने में ज्यादा मजा आता है। इससे नेल्स की खूबसूरती तो बढ़ती ही है साथ ही सुंदर हाथ के कारण पूरी पर्सनैलिटी पर एक पॉजिटिव असर पड़ता है। जहां एक तरफ कुछ महिलाएं घर पर ही नेल्स फाइल कर नेल पॉलिश खुद लगाना पसंद करती हैं तो वहीं दूसरी तरफ कुछ महिलाएं पार्लर पर जाना पसंद करती हैं। अगर आप भी पार्लर से मैनिक्योर करवाकर खुद को स्पेशल फील देना चाहती हैं तो आपको कुछ बातें ध्यान में रखने की जरूरत है। कुछ सेफ्टी टिप्स को फॉलो कर आप भी मेनिक्योर करवा सकते हैं।

### 1) टूल्स का इस्तेमाल

पार्लर से मेनिक्योर करवाते समय टेक्नीशियन कई तरह के टूल्स का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में आपको ये ध्यान में रखना होगा कि जो भी टूल्स इस्तेमाल हो रहे हैं वह पूरी तरह से स्टेरलाइज हों। स्टेरलाइज सामान अक्सर पेपर पैकज में होता है ऐसे में इस बात पर ध्यान दें कि वो पेपर आपके सामने ही खोलें। इन बैग पर छोटा सा स्क्वेयर इंडिकेटर होता है। पहले ये ग्रे रंग का होता है, जब स्टेरलाइज होता है तो गुलाबी रंग या फिर भूरे रंग का हो जाता है। ऐसे में आप इन सिग्नल की ओर जरूर ध्यान दें। इसके अलावा आप पार्लर में पूछ सकते हैं कि वह किस तरीके से सामान को स्टेरलाइज करते हैं।

### 2) डिस्पोजेबल सामान

मेनिक्योर कराने के दौरान इस बात का ध्यान रखें की सभी समाना डिस्पोजेबल हो। जैसे नैपकिन वगैराह। कई पार्लर तौलिया का इस्तेमाल करते हैं ऐसे में आप उन्हें टोक सकते हैं। ऐसा करने से आप खुद को इंफेक्शन से दूर रखेंगे।

### 3) केमिकल्स से बचें

मेनिक्योर के दौरान अगर आपको किसी तरह की स्मैल आती है तो यह केमिकल की हो सकती है। ये एक्रेलिक डस्ट आपकी सेहत को नुकसान पहुंचा सकती है। ऐसे में आप मास्क का इस्तेमाल करें।

### 4) समय

समय पर ध्यान दें। अगर टेक्निशियन जल्दी में काम कर रहा है तो हो सकता है कि वह नेल्स एक हफ्ते के बाद खराब दिखने लगें। क्लासिक मेनिक्योर में एक घंटा आराम से लगता है। ऐसे में इस बात पर भी ध्यान दें।



# लहंगा पहनने पर दिखता है बेली फैट? छुपाने के लिए इन टिप्स को करें फॉलो

त्योहार और वैड्गि सीजन आ गया है। हर महिला खूबसूरत दिखने के लिए कुछ नया ट्राई करना चाहती है। लेकिन जब बात त्योहार और वैड्गि की हो तो सभी का मन लहंगा पहनने को करता है। ये बेहद ही आसानी से पहनी जाने वाली ड्रेस में से एक है। कोई भी इसे दिन भर के लिए आसानी से पहन सकता है। हालांकि कुछ लोग इसे बेली फैट के कारण पहनने से कतराते हैं। अब ऐसे में लोग पहले से ही पेट की चर्बी को कम करना चाहते हैं। लेकिन अगर आप फिर भी इसे पहनना चाहते हैं तो कुछ टिप्स को फॉलो कर आप भी अपना पेट छुपा सकते हैं।

### 1) शेपवियर

शेपवियर पूरी तरह से आपके स्टाइल को चेंज कर सकते हैं।सर्दी को या गर्मी, इन्हें अपनी ड्रेस के नीचे पहनने से आप शेप में दिख सकती है। जब आपके पेट की चर्बी को छिपाने की बात आती है, तो शेपवियर आपके पेट को कम नहीं करेगा, लेकिन पेट के रोल को छुपाने में मदद कर सकता है।

### 2) लॉन्ग ब्लाउज

अगर आप अपने बेली फैट को छुपाना चाहते हैं तो फुल कवरेज ब्लाउज और चोली स्टाइल वाला ब्लाउज चुनें। पेप्लम-स्टाइल ब्लाउज भी बेहद आकर्षित लगत हैं। यह पेट की चर्बी को भी छुपाता है।

### 3) ज्यादा एंब्रॉइडरी से बचें

जब आप स्लीम फिगर की चाह रखते हैं, तो कभी भी ऐसे प्रिंट, पैटर्न और कढ़ाई के लिए न जाएं जो आपको पहले से कहीं ज्यादा बड़े दिखें जैसे बड़े फूल या एप्लिक डिजाइन। ये लोगों का ध्यान उसी जगह की ओर आकर्षित करेंगे, जिस पर आप नहीं चाहते कि वे देखें।

### 4) डबल दुपट्टा

अपने पेट की चर्बी को छिपाने के लिए अपने लहंगे के साथ दो हल्के रंग के दुपट्टे पहनें। यह न केवल आपके पूरे लुक को निखारेगा बल्कि बेली फैट को छुपाने में मदद करेगा। हालांकि, ध्यान रखें की दोनों पर कढ़ाई कम हो।



## वैज्ञानिकों ने विकसित की नई तकनीक

# भोजन का सेहत पर अच्छा-बुरा असर बताएगा फूड कम्पास



अब आप के लिए यह जानना आसान होगा कि आप जो खा रहे हैं वह सेहतमंद है या नहीं। वैज्ञानिकों ने एक ऐसा फूड कम्पास बनाया है जो आपको भोजन में पोषक तत्वों की मौजूदगी के बारे में जानकारी देगा। टफ्ट्स यूनिवर्सिटी के फ्रीडमैन स्कूल ऑफ न्यूट्रिशन साइंस एंड पॉलिसी के वैज्ञानिकों ने इस फूड कम्पास को विकसित किया है। यह फूड कम्पास उपभोक्ता को खाद्य कंपनियों, रेस्तरां और कैफेटेरिया में स्वस्थ भोजन को चुनने में मदद करेगा। साथ ही अधिकारियों को जन पोषण नीति बनाने में सहायता प्रदान करेगा। यह अध्ययन नेचर जर्नल में प्रकाशित किया गया है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

